THE MINISTER OF COMMERCE AND TOURISM (SHRI ARUN KUMAR NEHRU); (a) STC has decided to close down its Branch Office at Ahmedabad as the quantum of business does not warrant its functioning,

(b) Representations have been received from Small & Medium News papers Association of Gujarat & Gujarat Chamber of Commerce & Industry in this regard.

(c) State-wise export data is not compiled. STC has, however, decided to keep a small Depot in Ahmedabad" for Newsprint only.

**उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा की गई सिफारिशें**

377. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिसम्बर, 1989 के प्रथम सप्ताह में 18 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों सहित और अन्य बहुत से न्यायाधीशों द्वारा आयोजित सम्मेलन में की गई सिफारिशों की ओर गया है ;

(ख) यदि हां, तो उस सम्मेलन में कौन-कौन की मुख्य सिफारिशें की गई थीं ;

(ग) क्या सरकार इन सिफारिशों को लागू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ग) का उत्तर नहीं में है तो इसके क्या कारण

**इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) :** (क) जी हां।

(ख) एकरूप वेतनमान, सेवानिवृत्ति की उच्चतर आयु, अधिक सेवानिवृत्ति फायदे, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और सेवानिवृत्त होने वाले न्यायाधीशों को और अधिक सुविधाओं के साथ-साथ उच्च न्यायालयों को और अधिक वित्तीय शक्तियां प्रदान करने से संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों के संबंध में ऐसी कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें हैं जो मुख्य न्यायमूर्तियों के सम्मेलन में की गई थीं ।

(ग) और (घ) सरकार, इन सिफारिशों की समीक्षा कर रही है।

**सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के लिये विश्व बैंक की सहायता**

378. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में विश्व-बैंक सहायता द्वारा अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार परियोजना की निर्माण लागत में वृद्धि होने, बड़ी मात्रा में भूमि बेकार होने और हजारों लोगों के बेघर होने को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना के निर्माण की समीक्षा करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटड़िया) :** (क) और (ख) सरदार सरोवर परियोजना जिसमें सरदार सरोवर बांध तथा विद्युत गृह वितरण प्रणाली सहित नहरें शामिल

हैं, का पहले से ही क्रियान्वयन किया जा रहा है और यह मई 1985 से विश्व बैंक की सहायता प्राप्त कर रही है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) परियोजना आर्थिक रूप से व्यवहार्य समझी गयी है तथा इस परियोजना से सिंचाई क्षमता तथा विद्युत उत्पादन के रूप में काफी लाभ प्राप्त होने की आशा है और परियोजना में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**विदेशी ऋण**

379. श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष के अन्त तक भारत पर विदेशी कर्ज की राशि अत्यधिक बढ़ गई थी;

(ख) यदि हां, तो ऐसे ऋण की कुल राशि कितनी थी ; और

(ग) इस ऋण पर भारत सरकार को कुल कितना वार्षिक ब्याज देना पड़ेगा ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) मार्च, 1988 और मार्च, 1989 के अन्त तक की स्थिति के अनुसार, देश पर कुल बकाया विदेशी ऋण, जिसमें अनिवासी भारतीयों की जमा राशियां सम्मिलित नहीं हैं, क्रमशः 54408 करोड़ रुपये और 63831 करोड़ रुपये का था।

(ग) बकाया ऋण पर वर्ष 1989-0 के दौरान अदा किये जाने वाले ब्याज की राशि लगभग 3342 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**'वसायुक्त एल्कोहल' का उत्पादन करने वाली कम्पनियों के लिये नारियल के तेल पर आयात शुल्क से छूट**

380. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में 'वसायुक्त एल्कोहल' का उत्पादन करने वाली कम्पनियों को नारियल के तेल का आयात करने के लिये आयात शुल्क से छूट दी जाती है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी छूट दी जाती है और उन कम्पनियों के नाम क्या हैं जिनको अब तक यह छूट दी गई है ;

(ग) क्या सरकार आम उपभोक्ता को राहत देने के लिये उपभोक्ता द्वारा सीधे उपयोग किये जाने वाले नारियल तेल के आयात पर भी आयात शुल्क घटायेगी ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में योजना क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) नारियल के तेल के लिये आयात शुल्क की सामान्य प्रभावी दर मूल्यानुसार 170% है। वसायुक्त एल्कोहल के निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले नारियल के तेल पर आयात शुल्क से अलग से कोई छूट नहीं है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

**Credit insurance system of commercial banks**

381. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of FINANCE be pleased ta state;

(a) whether it is a fact that the credit insurance system of the commercial banks has run into troubled > waters;